पत्र सूचना शाखा

(मुख्यमंत्री सूचना परिसर)

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

मुख्यमंत्री ने 'आयुष कवच–कोविड' एप लॉन्च किया

कोरोना के खिलाफ जंग में दुनिया भारत की ओर आशा से देख रही है : मुख्यमत्री

आयुर्वेद और भारत की प्राचीन परम्पराओं में इस प्रकार के किसी भी वायरस से लड़ने के लिए शरीर की प्रतिरोधक क्षमता विकसित करने से सम्बन्धित अनेक तथ्य उपलब्ध हैं

इस एप के द्वारा लोगों को योग तथा आयुर्वेद के माध्यम से शरीर की प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने के नुस्खों की विस्तृत जानकारी मिलेगी

लोग इसके उपयोग से लाभान्वित होंगे और प्राकृतिक जड़ी–बूटियों के प्रयोग से अपने शरीर की प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाकर रोगों को परास्त करेंगे : मुख्यमंत्री

लखनऊ : 05 मई, 2020

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने आज यहां अपने सरकारी आवास पर राज्य के आयुष विभाग द्वारा विकसित 'आयुष कवच–कोविड' एप को लॉन्च किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि कोरोना के खिलाफ जंग में दुनिया भारत की ओर आशा से देख रही है। आयुर्वेद और भारत की प्राचीन परम्पराओं में इस प्रकार के किसी भी वायरस से लड़ने के लिए शरीर की प्रतिरोधक क्षमता विकसित करने से सम्बन्धित अनेक तथ्य उपलब्ध हैं। आयुर्वेद चिकित्सा की ऐसी प्रणाली है, जिसमें बीमारियों से लड़ने के लिए शरीर की प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने पर बल दिया जाता है।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि आयुर्वेद में मौजूद जड़ी–बूटियों से जुड़ी जानकारियों और चिकित्सा पद्धति की जानकारी 'आयुष कवच–कोविड' एप पर सरल भाषा में उपलब्ध कराकर लोगों के लिए इसे उपयोगी बनाने का प्रयास किया गया है। जनता के उपयोग के लिए इस प्रकार के एक एप की आवश्यकता काफी दिनों से महसूस की जा रही थी। आज इस एप के लॉन्च होने पर अब लोगों को योग तथा आयुर्वेद के माध्यम से शरीर की प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने के नुस्खों की विस्तृत जानकारी मिल सकेगी। लोग इसके उपयोग से लाभान्वित होंगे और प्राकृतिक जड़ी–बूटियों के प्रयोग से अपने शरीर की प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाकर रोगों को परास्त करेंगे।

इस अवसर पर आयुष राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री धरम सिंह सैनी, मुख्य सचिव श्री आर0के0 तिवारी, अपर मुख्य सचिव गृह एवं सूचना श्री अवनीश कुमार अवस्थी, प्रमुख सचिव आयुष श्री प्रशान्त त्रिवेदी, सूचना निदेशक श्री शिशिर सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

——————